श्रीनाथपुरम् स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

31 जुलाई, 2022 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान के स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने श्रीनाथपुरम् स्टेडियम में सिंथेटिक एथेलेटिक्स ट्रैक का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- श्रीनाथपुरम् स्टेडियम में बन रहा 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक 8 लेन का होगा। फुल पीयूआर सिस्टम से बन रहे इस सिंथेटिक ट्रैक को बनाने में करीब 7 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके निर्माण कार्य के लिये 12 माह का समय निर्धारित किया गया है।
- खेलो इंडिया के तहत 400 मीटर का सिंथेटिक ट्रैक बनने से कोटा के युवा खिलाड़ियों को हर मौसम में बिना व्यवधान के अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार तैयारी का अवसर मिलेगा।
- स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने इस अवसर पर कहा कि कोटा में जे.के. पैवेलियन स्टेडियम में 30 करोड़ रुपए की लागत से खेल संकुल बनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेलों के लिये इंडोर स्टेडियम की सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं। मल्टीपरपज स्कूल में भी हॉकी सहित कई खेल ग्राउंड विकसित किये जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/synthetic-track-at-srinathapuram-stadium